हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
07 मार्च 2025, समय 1810

- हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ।
- आज देशभर में जन औषधि दिवस मनाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि 2027 तक 25000 जन औषधि केंद्रे खोले जाएंगे।
- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आहवान किया।
- जन औषधि दिवस पर जींद और फतेहाबाद के नागरिक अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोले गए।
- हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

*************************************************************************

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया।सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र से आज तक की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई।सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष  हरविंद्र कल्याण के अलावा भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा  अर्जुन चौटाला ने अपनी पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर दिवगंत विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। सदन में दो मिनट का मौन भी रखा गया ।

सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री पद्म विभूषण डॉ मनमोहन सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री सतपाल सांगवान, डॉ कृपा राम पूनिया, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्ण सदस्य श्री सुरिंदर सिंह औजला, चौधरी कर्म सिंह, श्री हेम राज तथा जिला हिसार के गांव बीड़ बबरान के स्वतंत्रता सेनानी सरदार बाज सिंह व अन्य शामिल हैं।

***************************************************************************

पंचकूला के पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के बालदवाला गांव के नजदीक एक फाइटर जेट गिरने की खबर है । मिली जानकारी के अनुसारफाइटर जेट का पायलट पैराशूट के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतार गया।घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है।

*************************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक भारतीय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

*2027 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है जिससे और अधिक लोग सस्ती और अच्छी दवाओं का लाभ उठा सकें। हर साल सात मार्च को जन औषधि केंद्र के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी लगभग पांच हजार नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि नजदीकी जन औषधि केंद्र पर जाएं, दवाएं लें और उनकी गुणवत्ता और किफायती कीमतों को खुद अनुभव करें।*

**********************************************************************

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आहवान किया है।आज पंचकूला सिविल अस्पताल में 'जनऔषधि दिवस'' पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्रों बारे बताना और उन्हें वहाँ से दवाइयां लेने के लिए प्रेरित करना है। राज्यसभा सांसद ने कहा-

उन्होंने कहा कि इस समय देश के सभी 36 राज्यों एवं केंद्र.शासित क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र मौजूद हैं। इन केंद्रों पर कुल 2 हजार 47 दवाइयां एवं 300 सर्जिकल और अन्य उत्पाद उपलब्ध हैं। सभी उत्पाद एन ए बी एल लैब द्वारा जांचें हुए हैं। सांसद ने कहा कि जन औषधि केंद्र संचालन से स्वरोजगार पैदा हुआ है।उन्होंने सभी से जनऔषधि केंद्रों को बढ़ावा देने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए रक्तदान शिविर लगाने की पहल पर उन्होंने कहा कि इसका प्रयोजन समाज में लैंगिक समानता सहित बहुत सारे संदेश प्रेषित करना है।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की अच्छी पहल है।

**********************************************************************

जन औषधि दिवस पर आज जींद के नागरिक अस्पताल परिसर में 24 घंटे खुला रहने वाला जन औषधि केंद्र का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। हो गया। इस अवसर पर युवा बी जे पी नेता रुद्राक्ष मिढा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉक्टर पाले राम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया -

फतेहाबाद नागरिक अस्पताल में भी आज जन औषधि दिवस पर जन औषधि केंद्र खोला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने इस केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया और उपस्थित चिकित्सकों तथा आमजन को इस योजना के महत्व के बारे में जागरूक किया।राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उद्देश्य आमजन को कम कीमत में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां उपलब्ध कराना है।

*************************************************************************

जन औषधि दिवस पर रोहतक के नागरिक अस्पताल में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुरूप दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। दवाओं के वितरण के लिए हरियाणा के गुरुग्राम में देश का सबसे बड़ा डिपो स्थापित किया गया है।भिवानी के चौधरी बंसीलाल नागरिक नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय जन औषधि दिवस मनाया गया। जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने लोगों क जेनेरिक दवाओं के फायदे गिनवाए।

**********************************************************************

हरियाणा के पंचकूला में आज बी जी पी के प्रदेश कार्यालय में राज्य स्तरीय बैठक हो रही है। बैठक से पहले बी जी पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने बताया-

मिली जानकारी के अनुसार बैठक में नगर निकाय चुनाव सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

************************************************************************

हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं को संघर्षों, उपलब्धियों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया जाएगा । यह सम्मान विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लैंगिक समानता सुनिश्चित करना और समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करना है।उन्होंने बताया कि करनाल की श्रीमती शांता रंगा को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार दिया जाएगा । इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार हिसार की बाला वर्मा और जींद की रेखा रानी धीमान को दिया जाएगा। हांसी की मीनू देवी को

कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया  जाएगा जबकि लाइफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड अंबाला की कमलेश अरोड़ा को दिया जाएगा।

**********************************************************************